मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री

मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री कैसो चटक रंग डारो,
श्याम मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री कैसो चटक रंग डारों।।

औरन को अचरा ना छुअत है या की मोहि सो,
या की मोहि सो लग रही लाग री कैसो चटक रंग डारों,
श्याम मोरी चुनरी में पड़ गयो दाग री........

मो सो कहतो सुन्दर नारी ये तो मोही सो,
ये तो मो हि सो खेले फाग री कैसो चटक रंग डारो,
श्याम मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री.......

बल बल दास आस ब्रज छोड़ो ऐसी होरी में,
ऐसी होरी में लग जाये आग री कैसो चटक रंग डारों,
श्याम मोरी चुनरी में पड़ गयो दाग री.....

मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री कैसो चटक रंग डारो,
श्याम मोरी चुनरी में पड़ गयो दाग री..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3530/title/meri-chunari-me-pad-geyo-dhag-ri-kaiso-chatak-rang-daro

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |